समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# Stock Market Today : हफ्ते के आखिरी दिन फिसला शेयर बाजार, सेसेंक्स 70 अंक और निफ्टी 13 अंक की गिरावट के साथ खुले

Publisher
Published on 18 Jul 2025




**Stock Market Today: भारत-अमेरिका ट्रेड डील से पहले निवेशकों की सतर्कता, मिड और स्मॉल कैप इंडेक्स मे भी गिरावट दर्ज**

**नई दिल्ली | 18 July 2025:** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। निवेशकों की सतर्कता और कंपनियों के तिमाही नतीजों की प्रतीक्षा के बीच शुक्रवार को **बीएसई सेसेंक्स** 70 अंकों की गिरावट के साथ **82,190** पर खुला। वहीं, **एनएसई निफ्टी** भी 13 अंक लुढ़ककर **25,099** पर पहुंच गया।

**निवेशकों मे संतर्कता का माहौल**

भारत और अमेरिका के बीच संभावित ट्रेड डील से पहले बाजार में सावधानी का माहौल देखा गया। इसके अलावा, **एक्सिस बैकं**, **विप्रो** और **LTIMindtree** जैसी कंपनियों के तिमाही नतीजों ने भी बाजार की दिशा पर असर डाला।

**मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स मे भी गिरावट**

मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी कमजोरी दिखी। **Nifty मिडकैप इंडेक्स** में **0.05%** और **निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स** में **0.02%** की गिरावट दर्ज की गई।

## ग्लोबल मार्केट का मिला-जुला रुख

अमेरिकी बाजार गुरुवार को तेजी के साथ बंद हुए। **S&P 500** में 0.54%, **डाऊ जोन्स** में 0.52% और **नैस्डेक** में 0.74% की तेजी रही।
अमेरिका में जून 2025 की **रिटेल सेल्स** में **0.6%** की तेज बढ़ोतरी हुई, जो पूर्वानुमान से कहीं बेहतर रही। साथ ही, **बेरोजगारी दावों** की संख्या घटकर 2,21,000 हो गई है।

वहीं, **एशियाई बाजारों** से मिले-जुले संकेत मिले। ऑस्ट्रेलिया का **ASX 200** 0.69% की तेजी के साथ रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा, जबकि **जापान का निक्केई** और **दक्षिण कोरिया का कोस्पी** लाल निशान में बंद हुए।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.